हमारा दून

मुख्यमंत्री आवास में भगवान हनुमान जी की पूजा अर्चना करते हुए सीएम।



## संक्षिप्त समाचार

### कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के आवास का किया घेराव

**संवाददाता** देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी द्वारा राहुल और प्रियंका गांधी पर अभद्र टिप्पणी का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। शनिवार को देहरादून में महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लाल चंद शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गणेश जोशी के आवास का घेराव किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के कैबिनेट मंत्री द्वारा राहुल व प्रियंका गांधी पर की गई अभद्र टिप्पणी अत्यंत निंदनीय है। देश की सेवा तथा भारतीय राजनीति में जवाहर लाल नेहरू और महात्मा गांधी परिवार का लम्बा इतिहास है। स्व इन्दिरा गांधी और स्व राजीव गांधी ने देश की सेवा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान तक दे दिया।

### सीएस ने किया विभिन्न विकास योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण

**संवाददाता** देहरादून। जनपद पिथौरागढ़ के एक दिवसीय भ्रमण पर पहुंचे प्रदेश के मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. सन्धु ने स्थानीय पण्डा फार्म के विश्राम गृह में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण कर स्थानीय उत्पादों के उत्पादन व विपणन के सम्बन्ध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने मुख्य सचिव को बुकें भेंट कर उनका स्वागत करते हुए जनपद अंतर्गत संचालित योजनाओं व विकास कार्यों की जानकारी दी।

### पिछले तीन दिन से बड़ी संख्या में ऋषिकेश पहुंचे पर्यटक

**संवाददाता** ऋषिकेश। सप्ताहांत के कारण ऋषिकेश में शनिवार की सुबह से ही सड़कों पर जाम लगना शुरू हो गया। रायवाला के नेपाली फार्म से लेकर ऋषिकेश और ऋषिकेश से लेकर भद्रकाली और ब्रह्मपुरी तक वाहन रेंग–रेंग कर चलने को मजबूर हुए। इससे पहले शुक्रवार को भी योगनगरी में इसी तरह के हालात बने हुए थे। लोग घंटों जाम में फंसकर परेशान हुए थे। वहीं ऋषिकेश का एकमात्र सीएनजी पंप श्यामपुर में स्थित है। जहां शनिवार की सुबह से ही गैस समाप्त है, जिस कारण यहां वाहनों की लंबी कतार लग गई।

### दिनेश पंत बने बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य महाप्रबंधक

**संवाददाता** देहरादून। नैनीताल बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिनेश पंत जो बैंक ऑफ बड़ौदा से नैनीताल बैंक में प्रबंध निदेशक पद पर प्रतिनियुक्ति पर कार्य कर रहे हें, को उनके उल्लेखनीय एवं उत्क्रष्ट व्यावसायिक प्रदर्शन, कार्य क्षमता तथा बैंकिंग क्षेत्र में योगदान को देखते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा में महाप्रबंधक के पद से पदोन्नति देकर मुख्य महाप्रबंधक के पद पर चुना गया है।

# आमजन तक स्वास्थ्य सेवाएं तथा परामर्श की सुविधा उपलब्ध की जाएगी

**निर्देश**

■ स्वास्थ्य मेला एवं आयुष्मान भारत की चौथी वर्षगांठ पर विभिन्न क्षेत्रों में स्वास्थ्य से संबंधित कार्यक्रम होंगे आयोजित

**संवाददाता**

देहरादून। शनिवार को स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत द्वारा स्वास्थ्य महानिदेशालय स्थित परिचर्चा सभागार में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, उत्तराखंड द्वारा 16 अप्रैल 2022 को स्वास्थ्य मेला एवं आयुष्मान भारत की चौथी वर्षगांठ के संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया गया कि आम जनमानस एवं उनके घर के समीप स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार के सहयोग से आयुष्मान भारत– हैल्थ एण्ड वैलनेस सेन्टर के नाम से एक महत्वपूर्ण योजना को संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा इस योजना की चौथी वर्षगांठ को सम्पूर्ण देश के साथ ही उत्तराखंड में विभिन्न क्षेत्रों में स्वास्थ से संबंधित कार्यक्रम आयोजित होंगे तथा इन केन्द्रों पर टेली कंसलटेशन के माध्यम से आमजन तक स्वास्थ्य सेवाएं तथा परामर्श की सुविधा उपलब्ध की जाएगी।




स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा की दिनांक 17 अप्रैल 2022 को इन केन्द्रों पर आजादी का अमृत महोत्सव के बैनर तले 'योग एवं आरोग्य सत्रों का आयोजन किया जायेगा, जिसमें आमजन के स्वास्थ्य को आरोग्य बनाए रखने के लिए योग का महत्व बताया जायेगा, तथा दिनांक 18 अप्रैल 2022 को राज्य में आयोजित होने वाले विकासखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य मेले का शुभारम्भ किया जायेगा, यह स्वास्थ्य मेला प्रत्येक विकासखण्डों पर 18 से 22 अप्रैल 2022 के मध्य आयोजित किए जायेंगे। उन्होंने बताया राज्य के सभी 95 विकासखण्डों पर एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन 18–22 अप्रैल 2022 में हो रहा है। उक्त के अतिरिक्त राज्य के 07 नगर निगमों, 11 नगर पालिका परिसरों में भी एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला आयोजित किया जायेगा। स्वास्थ्य मेलों के सफल आयोजन के लिए प्रत्येक जनपद के डीएम तथा सीएमओ को उत्तरदायी बनाया गया है।

मेले के लिए उपयुक्त स्थान का चयन उक्त वर्णित जन प्रतिनिधियों के परामर्श एवं निर्देशानुसार किया जायेगा। जिलाधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में ब्लॉक स्तर पर 8–10 सदस्यों की एक समिति गठित की गयी है, जो मेले के संचालन हेतु पूर्ण रूप से उत्तरदायी है।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने स्वास्थ्य मेले की प्राथमिकताओं को गिनाते हुए बताया कि प्रत्येक नागरिक की Digital Health ID बनायी जायेगी, जिसमें उस व्यक्ति की गैर संचारी रोगों की स्क्रिनिंग उपरान्त विवरण सुरक्षित रहेगा। पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जायेगा। टेली कंसलटेशन के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं एवं परामर्श दिया जायेगा तथा रैफरल की सुविधा प्रदान कर आवश्यकीय उपचार भी उपलब्ध होगा। योग एवं ध्यान के माध्यम से स्वास्थ्य को आरोग्य बनाए रखने के बारे में परामर्श तथा जागरूकता प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मेले को प्रभावी तथा जन उपयोगी बनाए जाने के लिए विभिन्न विभागों को प्रतिभाग करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

इस दौरान स्वास्थ्य सचिव पंकज पांडे , महानिदेशक तृप्ति बहुगुणा , डॉ. शैलजा भट्ट एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

> *प्रत्येक नागरिक की Digital Health ID बनायी जायेगी, जिसमें उस व्यक्ति की गैर संचारी रोगों की स्क्रिनिंग उपरान्त विवरण सुरक्षित रहेगा। पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जायेगा। टेली कंसलटेशन के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं एवं परामर्श दिया जायेगा ।*
>
> –डॉ. धन सिंह रावत, स्वास्थ्य मंत्री।

# जनता के लिए हमें अधिक से अधिक करना होगा कार्य

**बैठक**

■ सीएस ने पिथौरागढ़ में जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की

**संवाददाता**

देहरादून। जनपद पिथौरागढ़ भ्रमण पर पहुंचे प्रदेश मुख्य सचिव डा. एस.एस. सन्धु द्वारा विकास भवन सभागार पिथौरागढ़ में जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। जिसमें जिला अधिकारी डॉ आशीष चौहान द्वारा जनपद के विकास कार्यों से मुख्य सचिव को अवगत कराया गया। स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर जिलाधिकारी ने अवगत कराया की जिला अस्पताल में टोकन



आधारित क्यूएमएस सिस्टम प्रारंभ किया गया है साथ ही जिला अस्पताल में उपचार हेतु आने वाले मरीजों द्वारा जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी हेतु फीडबैक ऐप संचालित किया है। जिसके माध्यम से मरीजों का फीडबैक लिया जाएगा, जिससे मरीजों को होने वाली समस्याओं का समय रहते निस्तारण करने में सहायता मिलेगी। मुख्य सचिव द्वारा निर्माणाधीन बेस अस्पताल को यथाशीघ्र तैयार कर संचालित करने के निर्देश दिए गए साथ ही आरटीपीसीआर लैब में उपकरणों के इंस्टॉलेशन व स्थापना हेतु डीपीआर के सापेक्ष धनराशि उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। जल संकट से संबंधित समस्याओं के बारे अवगत कराते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में पानी की समस्या वृहद स्तर पर है। पानी की समस्या ग्रस्त क्षेत्रों में विभागीय टैंकर अथवा अन्य साधनों से जलापूर्ति की जा रही है। बैठक में मुख्य सचिव द्वारा वर्तमान में राजस्व विभाग, पंचायती राज, सेवायोजन, शहरी विकास के 33 से अधिक कार्य "अपणी सरकार "पोर्टल के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है, इस पोर्टल में और अधिक सुधार व बेहतर बनाने के लिए कहा।

सीएस ने कहा हम सभी जनता के लिए हैं जनता के हित में हमें अधिक से अधिक कार्य करना होगा। जनता से जुड़ी समस्याओं को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए।

### मुख्यमंत्री ने हनुमान जी की पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को श्री राम भक्त हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में भगवान हनुमान जी की पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उन्होंने अपने परिवार के साथ सुंदरकांड का पाठ भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हनुमान जी वास्तव में भक्ति के पर्याय है, भगवान श्री राम के अधिकांश कार्य हनुमान जी के पुरुषार्थ से सिद्ध हुए हैं। हनुमान जी बुद्धिमान, कर्तव्य परायणता तथा निस्वार्थ सेवा के प्रतिमूर्ति वह महान कर्मयोगी थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हनुमान जी दुनिया के ऐसे विलक्षण एवं ऐतिहासिक पात्र हैं जिन्होंने कठिन से कठिन जोखिम भरे कार्यों को अपने कर्म बल से संपन्न कराने का कार्य किया। तथा देवत्व को प्राप्त करते हुए स्वयं भगवान की स्थिति को प्राप्त हुए।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।